भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **3033**
बुधवार, **21** मार्च, 2018/3**0** फाल्गुन, 1939 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान में पर्यटक परिपथ के समेकित विकास हेतु कार्यक्रम

3033. श्री नारायण लाल पंचारियाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पर्यटक परिपथों के समेकित विकास हेतु कोई कार्यक्रम शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने हाल के बजट में इस प्रयोजनार्थ कोई वित्तीय आवंटन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार ने राजस्थान में ऐसे किन्हीं पर्यटक परिपथों को चिन्हित किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय ने देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास के लिए वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना आरम्भ की है। इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु 15 परिपथों नामतः पूर्वोत्तर परिपथ, बौद्ध परिपथ, हिमालयन परिपथ, तटवर्ती परिपथ, कृष्णा परिपथ, मरुस्थल परिपथ, जनजातीय परिपथ, इको परिपथ, वन्यजीव परिपथ, ग्रामीण परिपथ, अध्यात्मिक परिपथ, रामायाण परिपथ, विरासत परिपथ, सूफी परिपथ तथा तीर्थंकर परिपथ की पहचान की गई है। इसके आरम्भ से मंत्रालय ने 29 राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल करते हुए 5638.87 करोड़ रु. की 67 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं

(ग) से (घ) : स्वदेश दर्शन योजना एक चालू योजना है और वर्ष 2018-19 के दौरान इसका बजट आवंटन 1100 करोड़ रु. है।

(ड.) से (च) : इस योजना के अंतर्गत राजस्थान में स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नवत् है:

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परिपथ	योजना का नाम/वर्ष	स्वीकृत राशि
1	मरूस्थल	मरूस्थल परिपथ के अंतर्गत राजस्थान में साम्भर लेक टाउन एवं अन्य गंतव्यों का विकास (2015-16)	**63.96**
2	कृष्णा	राजस्थान में गोविन्द देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास (2016-17)	**91.45**
3	आध्यात्मिक	स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान में आध्यात्मिक परिपथ -चुरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घटके बालाजी, बांधेके बालाजी) -अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहरि)-विराटनगर (बीजक, जैन्नासिया, अम्बिका मंदिर)-भरतपुर (कमान क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंद)-मेहंदीपुर बालाजी-चित्तौड़गढ़ (साँवलियाजी) का विकास (2016-17)	**93.90**
4	विरासत	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत राजस्थान में विरासत परिपथः राजसमंद (कुंभलगढ़ का किला)- जयपुर (नाहरगढ़ का किला) –अलवर (बाला किला)- सवाई माधोपुर (रणथम्बौर का किला और खण्डार किला)-झलावड़- (गागरों का किला)- चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ का किला)- जैसलमेर (जैसलमेर का किला) – हनुमानगढ़ (कालीबंगन, भटनेर किला और गोगामेड़ी)-जलोड़ (जलोड़ का किला)- उदयपुर (प्रताप गौरव केन्द्र)-धौलपुर (बाग ई-निलोफर और पुरानी छावनी)- नागौर (मीराबाई मंदिर) का विकास। (2017-18)	99.60
		कुल	348.91

****